# बलरामपुर पुलिस

# युवक की हत्या के मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार



एसपी कार्यालय में पकड़े गए आरोपी। -स्रोत : विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** महराजगंज तराई क्षेत्र में पैतृक जमीन के बंटवारे के विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों पर लाठी-डंडे और ईंट से हमला कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल 31 वर्षीय सोनू सिंह की बहराइच मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर दो लाठी बरामद किया है।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि महराजगंज तराई निवासी मोनू सिंह ने 12 अगस्त को एफआईआर दर्ज कराई थी। विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर सुरेंद्र नाथ जायसवाल, राजसिंह और गुड्डी सिंह के नाम भी मुकदमे में जोड़े गए। शुक्रवार को पुलिस ने देवबक्श सिंह, राकेश प्रताप सिंह, शशिभूषण सिंह, अक्षय सिंह उर्फ डब्लू सिंह, राजसिंह, सुरेंद्र नाथ जायसवाल, गुड्डी सिंह और कल्पना सिंह को कस्बे से गिरफ्तार किया। आरोप है कि पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर आरोपियों ने होकर मोनू सिंह, उसके पिता रवि प्रताप सिंह, मां सुधा सिंह, बहन सत्यमा सिंह और भाई सोनू सिंह पर हमला किया था। गंभीर रूप से घायल सोनू को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी।

## पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के पांच लोगों पर लाठी-डंडे से किया था हमला

- **तीन-तीन बीघा जमीन बहुओं के नाम बैनामा कराने से बढ़ा विवाद :** पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि देवबक्श सिंह के तीन बेटे राकेश प्रताप सिंह उर्फ ननकू सिंह, शशिभूषण सिंह और शिकायतकर्ता मोनू के पिता रवि प्रताप सिंह हैं। पुलिस के अनुसार, देवबक्श सिंह ने पैतृक संपत्ति में से तीन-तीन बीघा जमीन अपने दो बेटों की पत्नियों गुड्डी सिंह और कल्पना सिंह के नाम नौ जून 2026 को बैनामा कर दी थी। इसी जमीन के बंटवारे और हिस्से को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन दोनों पक्षों में विवाद बढ़ने के बाद मारपीट हो गई।